SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

# टेम्परेरी रेज़ीड़ेंट वीज़ा (TRV): विज़िटर, स्टूडेंट और वर्कर



## टेम्परेरी रेज़ीड़ेंट वीज़ा (TRV) क्या है?

TRV कैनेडा के वीज़ा कार्यालय द्वारा उन लोगों के लिए जारी किया गया एक दस्तावेज है जो अस्थायी रूप से कैनेडा आना चाहते हैं, जो स्थायी निवासी या नागरिक नहीं हैं। कुछ लोग इसे "एंट्री वीजा" कहते हैं।

TRV सिंगल एंट्री या मल्टीपल एंट्री हो सकता है, और कुछ महीनों से कुछ वर्षों के बीच कहीं भी के लिए मान्य हो सकता है:

- सिंगल एंट्री: आप केवल एक बार कैनेडा में प्रवेश कर सकते हैं और कैनेडा में आपके स्वीकृत रहने का समय समाप्त होने से पहले आपको कैनेडा से जाना होगा। यदि आप कैनेडा से चले जाते हैं, तो आपको नए वीज़ा के लिए आवेदन करना होगा।

- मल्टीपल एंट्री: जब तक आपका वीज़ा वैध है, आप कई बार कैनेडा से जा सकते हैं और कैनेडा में प्रवेश कर सकते हैं। आप हर बार थोड़े समय के लिए रह सकते हैं (आमतौर पर 6 महीने)

आपके TRV की वैधता उस समय के समान नहीं ही है जितना आपको कैनेडा में रहने की अनुमति है (जिसे "रहने की अधिकृत अवधि" (authorized period of stay) कहा जाता है)। आप कैनेडा में प्रवेश करने के लिए अपने TRV का

- एक विज़िटर के रूप में - आप उस अवधि के लिए रहने के लिए अधिकृत हैं जो एक इमीग्रेशन अधिकारी विशेष रूप से सूचीबद्ध करता है (जैसे आपके पासपोर्ट में एक मोहर)। यदि कुछ भी सूचीबद्ध नहीं है, तो आप प्रवेश करने के बाद से 6 महीने तक के लिए रह सकते हैं

- एक स्टूडेंट/विदेशी कर्मचारी के रूप में - आप अपने स्टडी या वर्क परमिट पर सूचीबद्ध समय तक रह सकते हैं

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

**उदाहरण:**

आपके पास एक मल्टीपल एंट्री वीज़ा है जो दर्शाता है कि यह 10 वर्षों में समाप्त होता है। जब आप कैनेडा में प्रवेश करते हैं, तो अधिकारी आपको 6 महीने तक रहने की अनुमति देता है। इसका मतलब है कि 6 महीने पूरे होने से पहले आपके लिए कैनेडा सा चले जाना अनिवार्य है, लेकिन आप TRV (जिसे कभी-कभी "एंट्री वीज़ा" कहा जाता है) के लिए फिर से आवेदन किए बिना 6 महीने के लिए वापस आ सकते हैं। 10 साल पूरे हो जाने के बाद, आप तब तक वापस नहीं आ सकते जब तक कि आप नए वीज़ा के लिए आवेदन नहीं करते। साथ ही, यदि आप कैनेडा में एक बार में 6 महीने से अधिक समय तक रहना चाहते हैं, तो आपको 6 महीने पूरे होने से पहले अपने प्रवास (stay) को बढ़ाने के लिए आवेदन करना होगा।

## TRV के लिए कौन योग्य है?

TRV के लिए योग्य होने के लिए आपके लिए विज़िटर, स्टूडेंट या वर्कर श्रेणी के तहत आवेदन करना अनिवार्य है।

### आपके लिए यह करना भी अनिवार्य है:

- आप जिस श्रेणी के तहत आवेदन कर रहे हैं, उसके लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा करना
- इमीग्रेशन अधिकारी को विश्वास दिलाना कि कैनेडा में आपका प्रवास अस्थायी है (आपको अपने रहने की अधिकृत अवधि के अंत में कैनेडा से चले जा़ना होगा)। उदाहरण के लिए, आप इमीग्रेशन अधिकारी को दिखा सकते हैं कि आपके अपने देश में नौकरी, घर या परिवार के सदस्यों जैसे पर्याप्त संबंध हैं और इसीलिए आपको वापस जाना होगा।
- दिखाना कि आपके पास कैनेडा में रहने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन (उदाहरण: यात्रा के लिए धन, स्कूल के लिए भुगतान करने के लिए धन, आवास के लिए धन, आदि) हैं
- आपके पास आपके देश द्वारा जारी वैध पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज़ होना जो आपको यात्रा करने की अनुमति देता है
- कैनेडा के लिए अस्वीकार्य (inadmissible) नहीं होना, जिसका अर्थ है कि आपको कैनेडा में प्रवेश करने या रहने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है। उदाहरण के लिए, यदि आप कैनेडा के

लिए एक सुरक्षा संबंधी जोखिम हैं, आपका आपराधिक रिकॉर्ड है, आपकी स्वास्थ्य की स्थितियां हैं जो कैनेडा की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर अत्यधिक मांगें पैदा कर सकती है, या सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं, तो आप कैनेडा के लिए अस्वीकार्य हो सकते हैं

## एक टीआरवी धारक के रूप में आपके लिए जिन शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है

- आपके लिए अपने ठहरने की अवधि के अंत में चले जाना अनिवार्य है
- आप कानूनी प्राधिकरण के बिना कैनेडा में काम नहीं कर सकते हैं या पढ़ नहीं सकते हैं

## मेडीकल जांच पड़ताल

आपको अपनी स्वास्थ्य स्थिति के आकलन के लिए मेडीकल जांच पड़ताल पूरी करने की आवश्यकता हो सकती है। यह उस परमिट, जिसके लिए आप आवेदन कर रहे हैं, के प्रकार, आप कैनेडा में कितने समय तक रहना चाहते हैं, और आप किस देश से आवेदन कर रहे हैं के आधार पर निर्धारित किया जाएगा

## आवेदन कैसे करें

- यदि आप कैनेडा में एक विज़िटर के रूप में आ रहे हैं, तो आपको टेम्परेरी रेज़ीड़ेंट वीज़ा के लिए आवेदन जमा करना होगा

- यदि आप कैनेडा में एक छात्र या कर्मचारी के रूप में आ रहे हैं, तो आपको स्टडी परमिट या वर्क परमिट के लिए आवेदन जमा करना होगा। आपको TRV के लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। जब आप अपना स्टडी या वर्क परमिट प्राप्त करते हैं तो अधिकारी एक TRV जारी करता है

- यदि आप कैनेडा में स्टडी या वर्क परमिट पर हैं और आपका TRV समाप्त हो गया है/समाप्त होने वाला है, तो आप कैनेडा के अंदर से TRV के लिए आवेदन कर सकते हैं। आपको अपने ऑनलाइन IRCC अकाउंट में जाना होगा और टेम्परेरी रेज़िडेंट वीज़ा आवेदन का चयन करना होगा

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

• यदि आप स्टडी या वर्क परमिट पर हैं और आपका TRV कैनेडा के बाहर रहने के दौरान समाप्त हो गया है (उदाहरण के लिए अपने देश में अपने परिवार को मिलने जाने के दौरान), तो आपको घर आने के लिए कैनेडा के बाहर से विज़िटर वीज़ा के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा।

आवेदन ऑनलाइन जमा किया जाना अनिवार्य है, लेकिन कुछ अपवाद हैं जहां आप एक कागजी आवेदन कर सकते हैं। आपको IRCC की वेबसाइट से फॉर्म प्राप्त करने होंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए आपके लिए एक चेकलिस्ट भी उपलब्ध है कि आप अपने आवेदन के साथ जाने के लिए सही फ़ॉर्म और दस्तावेज़ मुहैया करते हैं।

## आवेदन फीस

• $100 प्रति-व्यक्ति - सिंगल या मल्टीपल एंट्री
• पाँच या अधिक लोगों के परिवार के लिए $500 की अधिकतम फीस - सिंगल या मल्टीपल एंट्री

नोट: यदि आप वर्क या स्टडी परमिट पर कैनेडा आने वाले छात्र या कर्मचारी हैं, तो आपको अपने TRV के लिए कोई अतिरिक्त फीस देने की आवश्यकता नहीं है।

## कैनेडा में अपने प्रवास (stay) को बढ़ाना

• यदि आप कैनेडा में उस अवधि के बाद रहते हैं जिसकी आपको अनुमति है, तो आपके पास अब कोई स्टेटस नहीं है।

• यदि आप एक विज़िटर हैं और आपको 6 महीने या एक अलग अवधि के लिए रहने की अनुमति दी गई है (यदि IRCC ने कुछ अलग कहा है), तो आपके लिए अपना वीज़ा बढ़ाना अनिवार्य है। विज़िटर अपने विज़िटर रिकॉर्ड को बढ़ाने के लिए आवेदन करके समय समाप्त होने से पहले कैनेडा में रहने के लिए अपने प्राधिकरण को बढ़ा सकते हैं।

• यदि आप एक छात्र या कर्मचारी हैं, तो आप अपने स्टडी या वर्क परमिट को बढ़ाने के लिए आवेदन करके अपने ठहरने की अवधि बढ़ा सकते हैं।

बहाली (Restoration): अगर आपने समय पर अपने प्रवास को नहीं बढ़ाया, तो भी आप अपना खोया हुआ स्टेटस वापस पा सकते हैं। आप कैनेडा में रहने के लिए अपना अधिकार खोने के 90 दिनों के भीतर कैनेडा के अंदर से अपना स्टेटस बहाल करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## कैनेडा के भीतर से TRVs प्राप्त करना

आम तौर पर आपको अपने गृह देश से कैनेडा में विज़िट, पढ़ने या काम करने के लिए आवेदन करना पड़ता है और जब आप यहां होते हैं तो आप अपने ठहरने की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। कुछ मामलों में इमीग्रेशन कानून बिना किसी स्टेटस के शुरुआत करने पर आपको अस्थायी रूप से कैनेडा में रहने और कैनेडा में काम करने और पढ़ने की अनुमति देते हैं। उदाहरण के लिए:

- रेफ्यूजी दावेदार अपने आवेदन पर निर्णय की प्रतीक्षा करते हुए वर्क या स्टडी परमिट प्राप्त कर सकते हैं

- हिंसा की स्थितियों को छोड़ने वाले लोग पारिवारिक हिंसा के शिकार लोगों के लिए टेम्परेरी रेज़ीडेंट परमिट (TRP) के लिए आवेदन कर सकते हैं

- वे आवेदक जिन्होंने ह्मैनिटेरियन और कम्पैशन संबंधी कारणों के आधार पर परमानेंट रेज़िडेंस के लिए अपने आवेदन के पहले चरण ("सिद्धांत में स्वीकृति" (Approval In Principle) के रूप में जाना जाता है) को पास कर लिया है, वर्क परमिट के लिए आवेदन कर सकते हैं।